राजस्थान पत्रिका
झुंझुनूं पत्रिका
प्राइम
सिटी बुक 10 राजस्थान पत्रिका शुक्रवार, शनिवार, 25 मार्च 2024

अर्जित ज्ञान एवं कौशल से सेमीकंडक्टर उद्योग में योगदान दें

पिलानी सिरी में आयोजित कार्यक्रम में प्रतिभागियों को सम्मानित करते निदेशक

पिलानी. सीएसआईआर की केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिकी अभियांत्रिकी अनुसंधान संस्थान(सीरी) में आयोजित दो सप्ताह के सेमीकंडक्टर हाई इम्पैक्ट लर्निंग प्रोग्राम के 9 वें बैच प्रशिक्षण का शुक्रवार को समापन हो गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में डीए-आईआईसीटी गांधीनगर, गुजरात के 22 बी.टेक छात्रों ने भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान छात्रों को सेमीकंडक्टर फैब्रिकेशन के विभिन्न पहलुओं पर व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों को सेमीकंडक्टर फैब्रिकेशन के क्षेत्र में व्यावहारिक अनुभव प्रदान करना और उनके कौशल को निखारना था। समापन समारोह में सम्बोधित करते हुए सीरी के निदेशक डा. पी.सी. पंचारिया ने प्रतिभागियों को अर्जित ज्ञान और कौशल का उपयोग कर भविष्य में देश के सेमीकंडक्टर उद्योग में महत्वपूर्ण योगदान देने की अपील की। मुख्य वैज्ञानिक डा. सुचंदन पाल वरिष्ठ प्रधान वैज्ञानिक अशोक चौहान, डा. मनीष मैथ्यू, डा. कुलदीप सिंह सहित ने भाग लिया। कार्यक्रम का संयोजन प्रधान वैज्ञानिक एवं प्रमुख, पीएमई प्रमोद तँवर ने किया।